जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

16 अक्टूबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया माई भारत (मेरा युवा भारत) पोर्टल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 को माई भारत (मेरा युवा भारत) पोर्टल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया । कार्यक्रम को युवा मामले विभाग, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया । दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के 56 शिक्षकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को विभिन्न केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों एवं शैक्षणिक संस्थानों के संकाय सदस्यों हेतु व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है जिससे उन्हें माई भारत पोर्टल पर युवाओं की भागीदारी निमित कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों की बोर्डिंग तथा पोस्टिंग के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जा सके।

माई भारत पोर्टल को भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस अर्थात 31 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आजादी का अमृत महोत्सव के समापन समारोह के दौरान लॉन्च किया गया है। माई भारत के लिए एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म भी लॉन्च किया गया है, जो युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में स्वयंसेवी कार्यक्रमों से जोड़ने का प्रस्ताव करता है। इससे युवा समुदाय के साथ जुड़ सकेंगे, विकास कार्यों में भाग ले सकेंगे और उनमें नेतृत्व कौशल विकसित हो सकेगा। माई भारत अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम एवं स्वयंसेवी अवसर प्रदान करता है जो उन्हें वर्तमान परिदृश्य में अपने कौशल को बढ़ाने में सहायता करते हैं। इसके अतिरिक्त यह युवाओं को विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी निकायों के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने में भी सक्षम बनाता है। माई भारत मौजूदा सरकारी कार्यक्रमों के अभिसरण को भी सक्षम बनाता है।

मंत्रालय ने जामिया में प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में वासीरेड्डी वेंकटाद्री इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गुंटूर, आंध्र प्रदेश के प्रोफेसर डॉ. इम्माराजू ल्यूक जॉन बक्था सिंह को नियुक्त किया है। इस अवसर पर स्वागत भाषण जामिया के वित्त अधिकारी सीए शेख सफीउल्लाह ने दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन जामिया के शिक्षा संकाय की डीन प्रो सारा बेगम ने किया।

जामिया से, भूगोल विभाग की प्रो लुबना सिद्दीकी और मनोविज्ञान विभाग के डॉ. आबिद हुसैन को माई भारत पोर्टल पर आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित किया गया है। वे कल आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी भागीदार थे।

समापन समारोह में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. मोहम्मद शकील और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलसचिव श्री एम. नसीम हैदर ने प्रमाणपत्र वितरित किए। कार्यक्रम का समापन जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रशासनिक अनुभाग के सहायक कुलसचिव श्री हरि नारायण (नोडल अधिकारी) द्वारा औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया